हिन्दुस्तान
सोमवार
13 जुलाई 2026, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, विक्रम संवत 2083, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
PAGE NO: 06 MIDDLE

# मैलोडीज ऑफ मल्हार में गूंजे सावन के गीत

**कार्यक्रम**

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को मैलोडीज आफ मल्हार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रिद्धिमा के गायन गुरुओं और विद्यार्थियों ने बरसात के गीतों को गाकर श्रोताओं की तालियां बंटोरी।

कार्यक्रम का आरंभ गायन के विद्यार्थियों श्रेया प्रभजोत, मानसी टंडन, अंशुमा अग्रवाल, अर्णव कन्नौजिया, गीतू अरोड़ा ने फिल्मी गीतों की बंदिश से किया। गायन गुरुओं प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने गीत आया सावन झूम के सुनाया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा गंगवार के किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता आदि मौजूद रहे।



रिद्धिमा में मैलोडीज आफ मल्हार कार्यक्रम में सावन के गीत प्रस्तुत करते कलाकार।